# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# नवम्बर, 2025

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी नवम्बर, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 November, 2025

■ **लखनऊ यूनेस्को द्वारा पाक-कला का सृजनशील शहर घोषित किया गया–**

हाल ही में लखनऊ को यूनेस्को द्वारा पाक-कला का सृजनशील शहर का दर्जा दिया गया है। यह घोषणा 'विश्व शहर दिवस' के अवसर पर उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित यूनेस्को की 43वीं जनरल कॉन्फ्रेंस के दौरान 31 अक्टूबर, 2025 को की गई। लखनऊ हैदराबाद (2019 में) के बाद यह खिताब पाने वाला देश का दूसरा भारतीय शहर बन गया है। उल्लेखनीय है कि यह दर्जा लखनऊ की विशिष्ट पाक कला विरासत और भारत की समृद्ध पाककला परंपराओं में इसके अमूल्य योगदान के सम्मान में दिया गया है।

## Newspaper of 2 November, 2025

■ **1 नवम्बर, 2025 को मिस्र ने ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम (जीईएम) का उद्घाटन किया। यह म्यूजियम किसी एक ही सभ्यता को समर्पित दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम है। इसे बनाने में करीब 20 साल लगे हैं। इसका मकसद देश की टूरिज्म इंडस्ट्री को फिर से मजबूत करना है।**

■ **हाल ही में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विधानसभा में केरल के 'अत्यधिक गरीबी' से मुक्त होने की औपचारिक घोषणा की है। यह दावा किया जा रहा है कि केरल ऐसा करने वाला पहला राज्य है। मुख्यमंत्री के अनुसार 'एक्सट्रीम पॉवर्टी एलीमिनेशन प्रोजेक्ट' से इसमें बहुत मदद मिली।**

■ **हाल ही में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने राज्य के सभी सरकारी विभागों को प्लास्टिक की पानी की बोतलें इस्तेमाल न करने का आदेश दिया है। उन्होंने सरकारी कार्यक्रमों में ईको-फ्रेंडली वस्तुओं के प्रयोग की सलाह भी दी है।**

## Newspaper of 3 November, 2025

■ **इसरो ने बाहुबली रॉकेट एलवीएम-3 से भारतीय नौसेना के लिए 4 टन वजनी संचार उपग्रह सीएमएस-03 (जीसैट-7 आर) का सफल प्रक्षेपण किया–**

2 नवम्बर, 2025 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बाहुबली रॉकेट एलवीएम-3 से भारतीय नौसेना के लिए संचार उपग्रह सीएमएस-03 (जीसैट-7 आर) का सफल प्रक्षेपण कर स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कई नई ऊँचाइयों को हासिल किया। पहली बार 4 टन से अधिक (4410 किलो) वजनी उपग्रह को पृथ्वी की भू-अंतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित किया। श्रीहरिकोटा से शाम 5.26 बजे इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपणयान एलवीएम-3 ने उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद उपग्रह को निर्दिष्ट कक्षा में पहुँचा दिया। कक्षा में स्थापित होने के बाद उपग्रह का इसरो के जमीनी केन्द्रों से संपर्क स्थापित हो गया और उसे ऑपरेशनल कक्षा में स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई।

**ऐसा है एलवीएम 3–**

- 43.5 मीटर ऊँचाई, 4.0 मीटर व्यास, 640 टन वजन
- 4000 किलोग्राम तक वजनी उपग्रह जीटीओ में ले जाने में सक्षम।
- 8000 किलो तक के उपग्रह पृथ्वी के निचली कक्षा में ले जा सकता है।

■ **महिला वनडे क्रिकेट विश्वकप-2025 का खिताब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जीता–**

**-भारतीय महिला क्रिकेट टीम 52 वर्ष में पहली बार वनडे चैम्पियन बनी।**

**-भारत वर्ल्ड कप जीतने वाला चौथा देश बना। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 7 बार, इंग्लैंड 4 बार और न्यूजीलैंड एक बार जीता है।**

**-फाइनल मैच के खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया।**

**-प्लेयर ऑफ द मैच 'शैफाली वर्मा' व प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा रहीं।**

2 नवम्बर, 2025 को महिला वनडे क्रिकेट विश्वकप 2025 का खिताब भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जीता। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइन मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रनों से हराकर खिताब जीता। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 52 वर्ष बाद खिताब जीतकर इतिहास रचा है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

'प्लेयर ऑफ द मैच' शैफाली वर्मा रहीं जिन्होंने 78 गेंदों पर सात चौकों और 2 छक्कों के साथ 87 रन की पारी खेली और 2 विकेट भी लिए। उल्लेखनीय है कि शैफाली वर्मा पहले विश्वकप टीम की हिस्सा नहीं थीं। उन्हें प्रतिका के चोटिल होने पर शामिल किया गया था। शैफाली वर्मा ने 49 गेंदों में विश्वकप फाइनल में दूसरा सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया, वे विश्वकप फाइनल में अर्द्धशतक बनाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज बनीं।

'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दीप्ति शर्मा रहीं। उन्होंने फाइनल मैच में 9.3 ओवर में केवल 39 रन देकर 5 विकेट लिए तथा पूरे टूर्नामेंट में 215 रन देकर 22 विकेट लिए।

भारत की ऋचा घोष ने पूरे टूर्नामेंट में कुल 12 छक्के लगाए। जो महिला वनडे वर्ल्डकप के एक संस्करण में सर्वाधिक है।

- चैंपियन टीम को 39.5 करोड़ रुपए मिले।
- उपविजेता टीम को 19.7 करोड़ रुपए मिले।
- फाइनल मैच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में हुआ जहाँ 35000 से अधिक दर्शकों ने मैच देखा।
- 298 रन भारत का फाइनल में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा।
- टीम इंडिया तीन बार फाइनल में पहुँचने वाली टीम रही।
- टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन (571) दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लारा वॉलवार्ट ने बनाए तथा सर्वाधिक विकेट (22) भारत की दीप्ति शर्मा ने लिए।

## Newspaper of 4 November, 2025

**■ हाल ही में रूस ने अनोखे अंडर वाटर ड्रोन 'पोसाइडन' का सफल परीक्षण किया है। रूसी मीडिया के मुताबिक, यह ड्रोन 200 किमी./घंटा की रफ्तार से चल सकता है, जो पारंपरिक टॉरपीडो और वॉरशिप से कहीं ज्यादा है। इसकी न्यूक्लियर पावर्ड प्रोपल्शन इसे लगभग अनलिमिटेड रेंज और लम्बे समय तक पानी में रहने की क्षमता देती है।**

**■ प्रधानमंत्री ने अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना कोष का शुभारंभ किया–**

3 नवंबर, 2025 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में देश में अनुसंधान एवं विकास (R & D) इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए ₹ 1 लाख करोड़ के अनुसंधान विकास एवं नवाचार (Research Development and Innovation-RDI) योजना कोष का शुभारम्भ किया गया है। इस योजना का उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है तथा उभरते क्षेत्रों, रणनीतिक उद्योगों और आर्थिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक क्षेत्रों को सहयोग देना है।

## Newspaper of 5 November, 2025

**■ हाल ही में प्रमुख उद्योगपति व हिन्दुजा ग्रुप के चेयरमैन गोपीचंद पी. हिन्दुजा (85) का ब्रिटेन के लंदन में निधन हो गया। वे 'जीपी' के नाम से मशहूर थे।**
**गौरतलब है कि संडे टाइम्स रिच लिस्ट के 2025 के संस्करण में हिन्दुजा परिवार को 32.3 बिलियन पाउंड की कुल संपत्ति के साथ ब्रिटेन में सबसे अमीर व्यक्ति बताया गया था।**

**■ मालदीव ने 'टोबेको कंट्रोल एक्ट' का संशोधित रूप पारित किया; 1 जनवरी, 2007 के बाद जन्में किसी भी व्यक्ति को तम्बाकू खरीदने, इस्तेमाल करने या बेचने की अनुमति नहीं होगी–**

मालदीव ने तंबाकू के खिलाफ एक साहसिक कदम उठाया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु द्वारा पारित संशोधित 'टोबैको कंट्रोल एक्ट' के तहत अब 1 जनवरी, 2007 के बाद जन्मे किसी भी व्यक्ति को तंबाकू खरीदने, इस्तेमाल करने या बेचने की अनुमति नहीं होगी। इसका मतलब जैसे-जैसे साल बढ़ते जाएंगे, हर नई पीढ़ी अपने पूरे जीवन में कभी तंबाकू नहीं खरीद सकेगी, न ही उसका सेवन कर सकेगी। कदम का उद्देश्य है आने वाली पीढ़ियों को पूरी तरह 'स्मोकिंग-फ्री' बनाना। यह नियम 1 नवम्बर, 2025 से पूरे देश में लागू हो गया है। इसका मकसद लोगों की सेहत की सुरक्षा और एक तम्बाकू मुक्त पीढ़ी तैयार करना है। यह नियम सिर्फ मालदीव के नागरिकों पर ही नहीं, बल्कि यहाँ आने वाले टूरिस्ट पर भी लागू होगा। कानून के उल्लंघन करने पर उस पर 2.73 लाख रुपए का जुर्माना लगेगा।

## Newspaper of 6 November, 2025

**■ गूगल ने पेश किया प्रोजेक्ट सनकैचर; अंतरिक्ष में बनेगा एआइ डेटा सेंटर, सूरज से लेगा ऊर्जा–**

गूगल अंतरिक्ष में आर्टिफिशियल (एआइ) डेटा सेंटर बनाएगा। गूगल सीईओ सुंदर पिचाई ने प्रोजेक्ट सनकैचर पेश किया है, जिसमें पृथ्वी की निचली कक्षा (लो-अर्थ ऑर्बिट) में सौर ऊर्जा में चलने वाले उपग्रहों का नेटवर्क बनाया जाएगा, जो अंतरिक्ष में हाई-स्पीड एआइ कम्प्यूटिंग हब की तरह काम करेगा।

गूगल के आधिकारिक ब्लॉग द कीवर्ड में बताया गया कि ये उपग्रह कंपनी के खास टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट्स (टीपीयू) से लैस होंगे। ये अंतरिक्ष डेटा सेंटर आपस में हाई-स्पीड ऑप्टिकल और लेजर लिंक से जुड़े रहेंगे, जो एक सेकंड में

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

दर्जनों टेराबिट डेटा ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके लिए सैटेलाइट निर्माता कंपनी प्लैनेट लैब्स के साथ साझेदारी में गूगल 2027 की शुरुआत तक दो प्रोटोटाइप एआइ उपग्रह लॉन्च करने की योजना है।

- **भारतवंशी जोहरान ममदानी बने न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर–**

4 नवम्बर, 2025 को भारतीय मूल के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरान ममदानी ने अमरीका के सबसे बड़े शहर न्यूयॉर्क के मेयर का चुनाव जीत लिया है। वह 100 वर्षों में न्यूयॉर्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी व पहले मुस्लिम मेयर होंगे। वहीं, भारतीय मूल की गजाला ने वर्जीनिया की लेफ्टिनेंट गवर्नर का चुनाव जीता जबकि भारतवंशी आफताब पुरेवाल ने सिनसिनाटी के मेयर चुनाव में दोबारा जीत हासिल की। 34 साल के ममदानी को 10 लाख यानी करीब 50.4% वोट मिले, जो 1969 के बाद न्यूयॉर्क के किसी मेयर को नहीं मिले।

- **हाल ही में अमेरिका ने बिना हथियार (अन ऑर्म्ड) वाली मिनटमैन-3 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आइसीबीएम) का परीक्षण किया है। अमरीकी स्पेस फोर्स कमांड ने बताया कि यह मिसाइल कैलिफोर्निया के वेंडेनबर्ग एयरफोर्स बेस से दागी गई। मिनटमैन-3 मिसाइल अपने साथ परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है और 14 हजार किमी. तक हमला कर सकती है।**

- **भारत बनेगा पूरी तरह स्वदेशी मोबाइल हब, डेटा होगा सुरक्षित–**

अगले दो साल में देश में मोबाइल फोन के लगभग सभी कल-पुर्जे (डिस्प्ले, बैटरी, चिपसेट और अन्य अहम हिस्से) भारत में ही बनने लगेंगे। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का लक्ष्य है कि 2027 तक भारत मोबाइल निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जाए।

सरकार इसके लिए 200 करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। इसके साथ ही डेटा सुरक्षा को भी शीर्ष प्राथमिकता पर रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार सीसीटीवी कैमरा, बायोमीट्रिक सिस्टम और अन्य स्मार्ट डिवाइस में लगने वाली चिप भी देश में विकसित की जाएगी, ताकि विदेशों पर निर्भरता खत्म हो सके। गौरतलब है कि देश में मोबाइल निर्माण का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। वर्ष 2014-15 में जहाँ मोबाइल उत्पादन का आंकड़ा 18000 करोड़ रुपए का था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपए पहुँच गया। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता है।

- **ऑस्ट्रेलिया ने एक बार में 200 ड्रोन गिराने वाला सबसे सस्ता मिलिट्री लेजर 'अपोलो' तैयार किया–**

ऑस्ट्रेलिया ने दुनिया का सबसे सस्ता हाई-एनर्जी मिलिट्री लेजर 'अपोलो' तैयार किया है। यह सिस्टम पूरी तरह मोबाइल और मॉड्यूलर है। यह पूरी तरह से ऑफ-ग्रिड यानी बिना बाहरी बिजली के भी काम कर सकता है। यह चारों ओर से आने वाले ड्रोन को टारगेट कर सकता है। ईओएस के सीईओ डॉ. एंड्रियास श्वेर ने बताया कि अपोलो को ड्रोन स्वॉर्म अटैक से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। अपोलो को इसी महीने लंदन में होने वाले डिफेंस एंड सिक्योरिटी इक्विपमेंट इंटरनेशनल एग्जीबिशन में पेश किया जाएगा।

**लेजर सिस्टम की ये हैं खासियतें–**

- 150 किलोवॉट का लेजर सिस्टम।
- एक बार चार्ज में 200 ड्रोन गिराने में सक्षम।
- 20 फीट के कंटेनर में फिट किया जा सकता है।
- तीन किमी दूर से ड्रोन को खत्म कर सकता है।
- 15 किमी दूर से ऑप्टिकल सेंसर को बेअसर कर सकता है।

- **हाल ही में महाराष्ट्र सरकार ने इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवाओं के लिए करार किया है। ऐसा करने वाला यह देश का पहला राज्य है। इस साझेदारी के तहत गढ़चिरौली, नंदुबार, वाशिम और धाराशिव जैसे दूर-दराज के जिलों में सरकारी संस्थानों और जरूरी सार्वजनिक ढांचे को सैटेलाइट इंटरनेट से जोड़ा जाएगा।**

## Newspaper of 7 November, 2025

- **सूरत देश का पहला 'ग्रीन बीआरटीएस' शहर बना–**

भारत ने वर्ष 2070 तक 'नेट जीरो' यानी शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य तय किया है। सूरत महानगर पालिका ने बीआरटीएस प्रोजेक्ट को पूरी तरह 'ग्रीन ट्रांजिट सिस्टम' में तब्दील कर दिया है। अब बीआरटीएस के 13 रूटों पर चलने वाली सभी 352 बसें पूरी तरह इलेक्ट्रिक (ईवी) हैं, यानि सूरत देश में पहला ऐसा शहर बन गया है, जहाँ बीआरटीएस पर एक भी डीजल बस नहीं दौड़ती।

गौरतलब है कि इससे प्रतिदिन लगभग 6.50 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन रोका जा सका है।

- **6 नवम्बर, 2025 को नौसेना का नया स्वदेशी सर्वे पोत 'ईक्षक' (मार्गदर्शक) कोच्चि में कमीशन किया गया। यह हाई-रिज़ॉल्यूशन ईको साउंड तकनीक से लैस पोत**

**80% स्वदेशी उपकरणों से सुसज्जित है। इसका निर्माण कोलकाता स्थित जीआरएसइ ने किया है।**

## Newspaper of 9 November, 2025

- **हाल ही में आइसीसी महिला वनडे विश्वकप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को पश्चिम बंगाल सरकार ने सम्मानित किया। ऋचा घोष को बंगा भूषण अवार्ड के साथ 34 लाख रुपए दिए गए। ऋचा ने फाइनल में 34 रन की पारी खेली थी और इसे तरह उन्हें एक लाख रुपए प्रति रन के हिसाब से पुरस्कार राशि दी गई ऋचा को बंगाल पुलिस में डीएसपी के पद पर भी नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि ऋचा घोष को क्रिकेट संघ (कैंब) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोने का बैट व बॉल दी।**

- **मुंबई एशिया का सबसे खुशहाल शहर बना–**

हाल ही में टाइम आउट द्वारा किए गए एक सर्वे के मुताबिक सपनों की नगरी मुंबई सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि एशिया का सबसे खुशहाल शहर है। मुंबई के 94 प्रतिशत लोगों ने माना कि उनका शहर उन्हें खुशी देता है। वहीं 89 फीसदी लोगों का मानना है कि वे मुंबई में कहीं और की तुलना में ज्यादा खुश महसूस करते हैं। जबकि 88 फीसदी को लगता है उनके साथी मुंबई रह कर बहुत सकारात्मक और खुश रहते हैं। वे इसके मुख्य कारण मनोरंजन के विकल्प, जीवंत सामाजिक परिवेश और कॅरियर के शानदार अवसर बताते हैं। इस सूची में दूसरा और तीसरा स्थान चीन के दो बड़े शहर बीजिंग और शंघाई को मिला है।

सर्वे के मुताबिक ये शहर आधुनिकता, सुरक्षा और संस्कृति का बेहतरीन संगम पेश करता है।

**ये हैं एशिया के 10 खुशहाल शहर–**

| | |
|---|---|
| 1. मुंबई, भारत | 2. बीजिंग, चीन |
| 3. शंघाई, चीन | 4. चियांग माई, थाईलैंड |
| 5. हनोई, वियतनाम | 6. जकार्ता, इंडोनेशिया |
| 7. हांगकांग | 8. बैंकाक, थाईलैंड |
| 9. सिंगापुर | 10. सोल, दक्षिण कोरिया |

## Newspaper of 11 November, 2025

- **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने नया 'आधार' ऐप लॉन्च किया; नए ऐप में फेशियल रिकग्निशन, बायोमैट्रिक लॉक और क्यूआर कोड आधारित शेयरिंग जैसी सिक्योरिटी सुविधाएँ दी गई है–**

हाल ही में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने नया 'आधार' एप लॉन्च किया है। फिलहाल 'आधार' और पुराना एप 'एमआधार' दोनों काम करेंगे। नए एप में फेशियल रिकग्निशन, बायोमैट्रिक लॉक और क्यूआर कोड आधारित शेयरिंग जैसी सिक्योरिटी सुविधाएँ दी गई हैं। ये पूरी तरह पेपरलेस होगा। यानी फिजिकल रूप से आधार कार्ड को साथ रखने की जरूरत अब नहीं होगी। वहीं, पहले किसी को आधार दिखाते वक्त पूरा कार्ड दिखाना पड़ता था। पर इस एप में यूजर चुन सकता है कि कौनसी जानकारी दिखाई जाए और कौनसी छुपाई (मास्क) जाए। नया एप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों के लिए उपलब्ध है।

**नए एप में क्या नया है?**

- **बायोमेट्रिक सिक्योरिटी लॉक**–आधार डेटा को बायोमेट्रिक से लॉक किया जा सकता है।
- **प्राइवेसी-फर्स्ट शेयरिंग**–जरूरत के अनुसार सिर्फ नाम और फोटो शेयर कर सकते हैं, एड्रेस या जन्मतिथि छिपाई (मास्क) जा सकती है।
- **क्यूआर कोड वेरीफिकेशन**–आधार क्यूआर कोड से पेपरलेस और तुरंत वेरीफिकेशन हो सकेगा।
- **यूजेज हिस्ट्री**–एप में यह भी दिखेगा कि आपका आधार कब और कहाँ इस्तेमाल हुआ।
- **ऑफलाइन मोड एक्सेस**–प्रारंभिक सेटअप के बाद इंटरनेट कनेक्शन के बिना अपने सेव किए हुए आधार विवरण देख सकेंगे।
- **एक से अधिक प्रोफाइल मैनेजमेंट**–एक ही फोन में परिवार के 5 आधार प्रोफाइल तक जोड़े जा सकते हैं।

## Newspaper of 12 November, 2025

- **हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने आगामी गगनयान मिशन के लिए क्रू मॉड्यूल के मुख्य पैराशूट का एक अहम परीक्षण बीएफएफआर में सफलतापूर्वक किया।**

- **इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2026 (13वाँ संस्करण)–**
  - 11 नवम्बर, 2025 को वैश्विक शिक्षा और प्रतिभा समाधान संगठन 'ईटीएस' (ETS) ने 'इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2026' जारी की। यह रिपोर्ट सीआईआई (CII), एआईसीटीई (AICTE), एआईयू (AIU) और टैग्ड (TAGGD) के सहयोग से तैयार की गई है, जो भारत को एक 'स्किल-फर्स्ट इकोनॉमी' के रूप में उभरते हुए दर्शाती है। इसकी थीम–'द फ्यूचर ऑफ वर्क : गिग

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

वर्कफोर्स, फ्रीलांसिंग, एआई-सप्लीमेंटेड वर्कफोर्स, रिमोट वर्क एंड एंटरप्रेन्योरशिप'।

- **रोजगार क्षमता में वृद्धि**–भारत की रोजगार क्षमता 2025 के 54.81% से बढ़कर 2026 में 56.35% हो गई है। पिछले 6 वर्षों में इसमें 10% की वृद्धि दर्ज की गई है।
- **एआई और गिग इकोनॉमी**–एआई टैलेंट : भारत के पास वैश्विक एआई टैलेंट पूल का 16% हिस्सा है, जो 2027 तक 12.5 लाख होने की उम्मीद है।
  **गिग वर्कफोर्स :** 2030 तक गिग और फ्रीलांस वर्कफोर्स 2.35 करोड़ तक पहुँचने का अनुमान है।
- **महिला सशक्तीकरण**–ऐतिहासिक बदलाव : पहली बार भारत में महिलाओं की रोजगार क्षमता (54%), पुरुषों (51.5%) से अधिक है। कार्यस्थलों पर महिलाओं की भागीदारी वित्त वर्ष 2026-27 तक 30% तक पहुँचने की उम्मीद है।
- **शीर्ष राज्य और शहर**–शीर्ष राज्य (रोजगार योग्यता में)–उत्तर प्रदेश (78.4% स्कोर के साथ प्रथम), इसके बाद महाराष्ट्र और कर्नाटक।

## Newspaper of 13 November, 2025

### जर्मन संस्था जर्मनवॉच द्वारा जारी क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स रिपोर्ट-2026 के अनुसार जलवायु आपदा से दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत (1995-2024) 9वें स्थान पर–

11 नवम्बर, 2025 को जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं पर जर्मन संस्था जर्मनवॉच ने अपनी क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स रिपोर्ट 2026 जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार जलवायु आपदा से दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत (1995-2024) 9वें स्थान पर रहा।

**जलवायु आपदा से दुनिया के सबसे अधिक प्रभावित देश (1995-2024)–**

| रैंक | देश | रैंक | देश | रैंक | देश |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोमिनिका | 5 | हैती | 9 | भारत |
| 2 | म्यांमार | 6 | ग्रेनेडा | 10 | बाहामास |
| 3 | होंडुरास | 7 | फिलिपींस | | |
| 4 | लीबिया | 8 | निकारगुआ | | |

**भारत पर गहरा असर**–भारत इस सूची में 9वें स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत बार-बार आने वाली बाढ़, चक्रवात, सूखा और लू आपदाओं से लगातार प्रभावित हो रहा।

- 30 वर्षों में भारत में 430 से अधिक चरम मौसमी घटनाएँ हुईं।
- 80000 से ज्यादा लोगों की जान गई।
- 1.3 अरब लोग प्रभावित हुए।
- 170 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।

### केन्द्र सरकार ने 'क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर एक्सपोर्टर्स' (सीजीएसई) को मंजूरी दी; निर्यातकों को सरकार ₹ 45000 करोड़ की मदद देगी–

12 नवम्बर, 2025 को नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने 'क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर एक्सपोर्टर्स' (सीजीएसई)को मंजूरी दी। इसमें सरकार लोन की 100% गारंटी देगी। इससे बैंक योग्य निर्यातकों को कोई संपत्ति गिरवी रखे (कोलैटरल) बगैर 20000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त लोन दे सकेंगे। इससे छोटे-मझोले उद्योग (एमएसएमई) और निर्यात करने वाली बड़ी कंपनियाँ, दोनों को फायदा होगा। इसके साथ ही, एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) को 25,060 करोड़ रुपए का बजट दिया गया। इस तरह निर्यात बढ़ाने के लिए कुल 45,060 करोड़ का पैकेज दिया गया है। माना जा रहा है कि ये फैसले अमेरिका में भारतीय सामान के आयात पर लगाए गए 50% टैरिफ जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने की सरकार की नई रणनीति का एक हिस्सा है।

## Newspaper of 14 November, 2025

### 9वीं-10वीं में एआइ अनिवार्य होगा, सीबीएसई की तैयारी–

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 3 से लेकर 12वीं तक सभी विषयों के साथ एआइ आधारित कंम्प्यूटेशनल थिंकिंग कौशल लागू करने की तैयारी कर ली है। सीबीएसई ने यह ड्राफ्ट एनसीईआरटी को भेज दिया है। एनसीईआरटी की विशेषज्ञ कमेटी ड्राफ्ट पर अंतिम फैसला लेगी। इसके बाद करिकुलम को मंजूरी दी जाएगी और फिर इसे देशभर के स्कूलों में लागू किया जाएगा। इसके तहत कक्षा 9 और 10 में एआइ को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाएगा, जो 2027-28 सत्र से लागू किए जाने की संभावना है। जबकि छोटी कक्षाओं, यानी 3 से 6 के लिए ये पाठ्यक्रम 2026-27 शैक्षणिक वर्ष से लागू होने की संभावना है। पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है।

**ऐसे पाठ्यक्रम में जुड़ेगा एआइ–**

- कक्षा 3-5 तक कंप्यूटेशनल थिंकिंग को भाषा और 'हमारे आसपास की दुनिया' जैसी सभी विषयों में शामिल किया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- कक्षा 6 से 8 के लिए सभी विषयों में कम्प्यूटेशनल सोच के अनुरूप एआइ की मूल अवधारणा से परिचित कराया जाएगा।
- कक्षा 9 से 10 के लिए उन्नत कंम्प्यूटेशनल थिंकिंग और इंटरमीडिएट एआइ को अनिवार्य विषय के रूप में पेश किया जाएगा।

■ **सारंडा वनः सुप्रीम कोर्ट द्वारा वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का निर्देश–**

13 नवम्बर, 2025 को तत्कालीन चीफ जस्टिस बी. आर. गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने झारखण्ड सरकार को 'सारंडा वन' के 31468 हेक्टेयर (314 वर्ग किमी) क्षेत्र को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत वन्यजीव अभयारण्य घोषित करने का निर्देश दिया। इसका मुख्य उद्देश्य यहाँ की समृद्ध जैव विविधता और हाथी गलियारों को सुरक्षित करना है।

**सारंडा वन की विशेषताएँ**–झारखण्ड का पश्चिमी सिंहभूमि जिले में स्थित यह वन एशिया के सबसे बड़े प्राकृतिक साल वनों में से एक है। अपनी विशिष्ट पहाड़ी-घाटी संरचना के कारण इसे 'सात सौ पहाड़ियों की भूमि' भी कहा जाता है।

## Newspaper of 15 November, 2025

■ **मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के हीरों को जीआई टैग मिला–**
हाल ही में 'डायमंड सिटी' के रूप में मशहूर मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के हीरों को जीआई टैग मिल गया है। अब दुनिया में किसी भी अन्य जगह का हीरा 'पन्ना डायमंड' नाम से नहीं बेचा जा सकेगा। अब पन्ना के हीरों की अहमियत में अधिक वृद्धि होगी।

**जीआई टैग क्या होता है?**

भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग यह एक कानूनी पहचान है जो किसी उत्पाद को उसकी भौगोलिक उत्पत्ति और विशेष गुणों के आधार पर दी जाती है। जैसे बीकानेरी भुजिया, दार्जिलिंग चाय, कांचीपुरम सिल्क या कोल्हापुरी चप्पल।

**क्यों अलग यह हीरे**–पन्ना के हीरों में ग्रीन स्टिंट यानी प्राकृतिक हरापन विशेष रूप से पाया जाता है, जो समय के साथ और गहराता है। स्पष्ट कार्बन लाइन होती है, जिसे आधार बनाकर बेहतरीन डिजाइन तैयार किए जाते हैं। खदानों से तीन श्रेणी के हीरे निकलते हैं, जेम क्वालिटी (सफेद हीरा), ऑफ कलर (मैला रंग) इंडस्ट्रियल क्वालिटी (कोका-कोला रंग)।

■ **हाल ही में भारतीय सेना की गजराज कोर ने अरुणाचल प्रदेश के कामेंग हिमालय क्षेत्र में 16000 फीट की ऊँचाई पर स्वदेशी मोनो रेल सिस्टम को ऑपरेशनल कर दिया है। यह सिस्टम दुर्लभ इलाकों में लॉजिस्टिक सप्लाई की सबसे बड़ी चुनौती को हल करने की दिशा में एक बड़ी कामयाबी है। गौरतलब है कि यह सिस्टम पूरी तरह देश में डिजाइन, इंजीनियर और तैनात किया गया है। यह 300 किलो तक सामान एक बार में ले जाने की क्षमता रखता है।**

■ **साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025–**

हाल ही में साहित्य अकादमी ने वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित 'बाल साहित्य पुरस्कार' के विजेताओं को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। यह पुरस्कार 24 भारतीय भाषाओं में बाल साहित्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लेखकों को दिया गया है। इन पुरस्कारों की घोषणा जून, 2025 में की गई थी। 14 नवम्बर, 2025 (बाल दिवस) को त्रिवेणी कला संगम, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रत्येक विजेता को ₹ 50000 की सम्मान राशि, एक उत्कीर्ण ताम्रफलक और एक अंगवस्त्र प्रदान किया गया।

## Newspaper of 16 November, 2025

■ **DRDO ने नई श्रेणी के हल्के और पोर्टेबल ऑटोनॉमस अंडरवॉटर व्हीकल्स (एयूवी) विकसित किए–**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक नई श्रेणी के हल्के और पोर्टेबल ऑटोनॉमस अंडरवॉटर व्हीकल्स (एयूवी) विकसित किए है, जिन्हें जवान अपने साथ ले जाकर आसानी से तैनात कर सकते है। यह नेक्स्ट-जनरेशन अंडरवॉटर ड्रोन साइड-स्कैन सोनार और सब-सर्फेस कैमरों से लैस है। वास्तविक समय में समुद्र तल पर मौजूद संदिग्ध या माइंस जैसे खतरनाक ऑब्जेक्ट की पहचान कर लेते है। इससे समुद्री सुरक्षा व माइन-डिटेक्शन की प्रक्रिया तेज होगी।

**कैसे करते है काम?**

वाहनों में लगे उन्नत डीप-लर्निंग एल्गोरिदम पानी में लक्ष्यों को स्वतः पहचानते और श्रेणीबद्ध करते हैं। इससे लगातार मानव निगरानी की जरूरत और मिशन की कुल अवधि घटती है।

## Newspaper of 17 November, 2025

■ **इसरो के चैयरमेन बी. नारायणन के अनुसार हाल ही में केन्द्र सरकार ने चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी दे दी है। इसे वापसी मिशन के रूप में डिजाइन किया गया है। यह देश का सबसे जटिल चंद्र अभियान होगा और वर्ष 2028 में लॉन्च होगा। उल्लेखनीय है कि इसरो तीन साल में सालाना प्रक्षेपण को तीन गुना करने की दिशा में काम कर रहा है।**

■ **चीन ने सबसे बड़ी 'पावर जनरेटिंग' पतंग बनाई–**

चीन ने स्वच्छ ऊर्जा की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाते हुए दुनिया की सबसे बड़ी बिजली बनाने वाली पतंग का सफल फ्लाइट टेस्ट पूरा कर लिया है। इनर मंगोलिया के अल्शा लेफ्ट बैनर इलाके से हुई यह उड़ान चीन के हाई-एल्टीट्यूड विंड-एनर्जी मिशन का ऐतिहासिक पड़ाव मानी जा रही हैं। परीक्षण के दौरान हीलियम गुब्बारे से करीब 300 मीटर ऊँचाई तक इस 5000 वर्गमीटर की पतंग खुलती चली गई और जमीन पर लगे ट्रैक्शन सिस्टम को खींचते हुए बिजली बनने लगी। पूरा सेट-अप टावर और ब्लेड पर टिकी पारंपरिक टर्बाइनों से बिल्कुल अलग है मानो रस्सियों से बंधा हवा में उड़ता जनरेटर जो सीधे जमीन तक बिजली पहुँचाता है।

**अक्षय ऊर्जा : नया मोर्चा–**ऊँची परतों में हवा तेज, स्थिर और ऊर्जा-घनत्व में ज्यादा होती है। इसीलिए इसे अक्षय ऊर्जा का 'नया फ्रंटियर' कहा जाता है। हवा में उड़ती संरचना जमीन पर बिजली बनाती है।

**10 हजार घर हो सकते रोशन–**चीन एनर्जी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन की यह प्रणाली परंपरागत पवन फार्म की तुलना में 95% जमीन बचाती है और 90% कम स्टील उपयोग करती है। लागत भी 30% घट जाती है। अनुमानत: 10 मेगावॉट की एक पतंग-आधारित प्रणाली सालाना 20 मिलियन किलोवाट-घंटा बिजली दे सकती है, जिससे 10000 घर रोशन हो सकते हैं।

## Newspaper of 18 November, 2025

■ **17 नवम्बर, 2025 को 16वें वित्त आयोग के चैयरमेन अरविन्द पनगड़िया ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी। यह रिपोर्ट 2026-27 से 2030-31 तक के लिए केन्द्र और राज्यों के बीच टैक्स बंटवारे का फॉर्मूला तय करेगी। गौरतलब है कि आयोग को 31 अक्टूबर तक रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन उसे 30 नवम्बर तक एक महिने का एक्सटेंशन दिया गया था।**

## Newspaper of 19 November, 2025

■ **भारत अब उन चुनिन्दा देशों में शामिल हो गया है जो सबसे सुरक्षित और आधुनिक ई-पासपोर्ट सिस्टम इस्तेमाल कर रहे हैं। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 के तहत देश-विदेश में अब तक 80 लाख से ज्यादा ई-पासपोर्ट जारी किए जा चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार अब ई-पासपोर्ट ही जारी होंगे, पुराने पासपोर्ट अपनी वैधता या अंतिम तिथि जून, 2035 तक चलते रहेंगे। ई-पासपोर्ट में कागज के साथ-साथ एक चिप लगी होती है, जिससे नकली पासपोर्ट बनाना नामुनकिन है व इमीग्रेशन पर चंद सैकण्ड में स्कैन हो जाते हैं। चिप में व्यक्ति के बारे मे निजी जानकारी होती है।**

**उल्लेखनीय है कि भारत के विदेश मंत्रालय का लक्ष्य जून, 2035 तक देश में 100% ई-पासपोर्ट लागू करना है।**

■ **केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (टीआइए) पोर्टल लॉन्च किया–**

18 नवम्बर, 2025 को केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (टीआइए) पोर्टल की शुरुआत की। इससे एमएसएमई, स्टार्टअप्स, छोटे व्यापारियों और दूर-दराज के व्यवसायों को अब बड़े उद्योगों जैसी डेटा एक्सेस सुविधा मिलेगी। इस प्लेटफॉर्म पर भारत और वैश्विक व्यापार से जुड़े सभी महत्त्वपूर्ण डेटा और विश्लेषण एक जगह उपलब्ध होगा। यानी अब तक बड़े उद्योगों के पास जो डेटा उपलब्ध रहता था, वही सुविधा अब छोटे व्यापारियों तक भी पहुँचेगी। यह पोर्टल बताएगा कि किस देश में कौनसा उत्पाद मांग में है और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) का कैसा पूरा और सही उपयोग कर फायदा उठाया जा सकता है। इस पोर्टल में 28 से अधिक डैशबोर्ड और 270 से ज्यादा इंटरएक्टिव विजुअलाइजेशन मौजूद हैं।

## Newspaper of 20 November, 2025

■ **क्लाइमेंट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स (सीपीआइ) की रिपोर्ट में भारत 13 स्थान फिसलकर 23वें नम्बर पर रहा; 2019 से 2024 तक भारत बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप-10 देशों में था–**

हाल ही में जारी क्लाइमेंट चेंज से निपटने के प्रयासों को मापने वाली क्लाइमेंट चेंज परफॉर्मेंस इंडेक्स (सीसीपीआइ) की नई रिपोर्ट में भारत 13 स्थान फिसलकर 23वें पर आ गया है। इसका कारण कोयले के इस्तेमाल को सीमित करने के लिए कोई सीमा न होना है। 2019 से 2024 तक भारत बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप-10 देशों में था। सीसीपीआई हर साल 63 देशों और यूरोपीय संघ की जलवायु नीतियों और प्रदर्शन का आकलन करता है। यह समूह दुनिया के 90% से ज्यादा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है।

**कौन देश रहे आगे?**

पहली तीन रैंक कोई देश हासिल नहीं कर सका। किसी का भी परफेक्ट स्कोर नहीं था।

डेनमार्क चौथे, ब्रिटेन 5वें और मोरक्को छठे नंबर पर रहा।

**सबसे खराब प्रदर्शन G20 का–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चीन | 50 | अमेरिका | 65 |
| रूस | 64 | ईरान | 66 |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**■ कजाकिस्तान के नीचे मिला 3500 साल पुराना शहर–**

हाल ही में पुरातत्वविदों ने उत्तर पूर्वी कजाकिस्तान में 3500 वर्ष पुराने शहर के अवशेष खोजे है। इसे अब तक की सबसे नियोजित बसी हुई प्राचीन बस्ती बताया जा रहा है।

दरहम विश्वविद्यालय और कजाकिस्तान के तोराघीरोव विश्वविद्यालय के शोधकर्त्ताओं के नेतृत्व में एक अंतरराष्ट्रीय दल ने 140 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तृत मानचित्र प्रकाशित किया है। सेमियार्का शहर लगभग 1600 ईसा पूर्व का बताया जा रहा है। संरचना के अध्ययन से पता चलता है कि तब यहाँ खानाबदोश समूह रहे होंगे। प्रमुख पुरातत्त्वविद डॉ. मिलजाना रेडिवोजेवी ने बताया कि अवशेषों से पता चलता है कि सेमियार्का के लोग गतिशील रहे होंगे और नियोजित बस्तियाँ बनाने में कुशल रहे होंगे। मिट्टी और धातुओं के बर्तन भी मिले है, जो यहाँ की सामाजिक ताने बाने की गवाही देता है। यहाँ कलाकृतियों से संकेत मिलता है कि अलेक्सेवका और सरगरी समुदाय के ये लोग कलाप्रेमी भी थे।

**■ रेजोनेंसी कंसल्टेंसी और उनकी रिसर्च पार्टनर ने दुनिया के 100 बेहतरीन शहरों की 2026 की रैंकिंग जारी की; लंदन 11वें साल सबसे बेहतरीन शहर, बेंगलूरु 29वाँ–**

तेजी से बदलती दुनिया के बीच रियल एस्टेट, पर्यटन और आर्थिक विकास पर सलाह देने वाली संस्था रेजोनेंस कंसल्टेंसी और उसकी रिसर्च पार्टनर ने दुनिया के 100 बेहतरीन शहरों की वर्ष 2026 की रैंकिंग जारी की है। इस सूची में लंदन ने लगातार 11वें साल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शहर का खिताब बरकरार रखा है। लंदन ने रहन-सहन में तीसरा स्थान, पसंद किए जाने की क्षमता में दूसरा और समृद्धि में पहला स्थान हासिल किया। कुल मिलाकर वह नंबर-1 रहा। न्यूयॉर्क दूसरे स्थान पर, जबकि पिछले साल का नंबर-2 शहर पेरिस इस बार तीसरे नंबर पर खिसक गया है।

**भारतीय शहरों की रैंकिंग–**भारत की टेक राजधानी और सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया बेंगलुरू 29वें स्थान पर रहा। आर्थिक नगरी मुंबई का स्थान 40वाँ स्थान रहा। हैदराबाद 82वें स्थान पर रहा।

**■ पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी; 10 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में ₹ 20000 करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई–**

19 नवम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में जनसभा को संबोधित करते हुए देश के 10 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त जारी की। किसानों को 20 हजार करोड़ से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है। योजना के अन्तर्गत हर पात्र किसान को 2000 रुपए की यह किस्त मिली है। योजना शुरू होने से यानी 2019 से अब तक किसानों को कुल 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक की सहायता दी जा चुकी है। इसमें राजस्थान के भी लगभग 70 लाख किसानों को लगभग ₹ 140 करोड़ ट्रांसफर किए गए।

**■ केदारनाथ यात्रा अब प्राचीन पैदल मार्ग से होगी; उत्तराखंड-रामबाड़ा-गरुड चट्टी मार्ग का पुनर्निर्माण कराया गया–**

वर्ष 2026 में केदरानाथ यात्रा प्राचीन मार्ग से होगी। बाबा केदार की डोली भी इसी मार्ग से धाम पहुँचेगी। 5.35 किमी लंबा रामबाड़ा-गरुड़ चट्टी पैदल मार्ग का निर्माण कराया गया है। जून 2013 की आपदा के बाद से प्राचीन पैदल मार्ग को दो चरणों में बनाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि आपदा से पहले केदारनाथ पहुँचने का एकमात्र मार्ग गौरीकुंड-रामबाड़ा-गरुड चट्टी-केदारनाथ था। यह 14 किमी था। आपदा में मंदाकिनी के उफान से रामबाड़ा से गरुड़ चट्टी-केदरानाथ तक 7 किमी. ध्वस्त हो गया था। आपदा के बाद लंबाई करीब डेढ़ किमी बढ़ी है।

## Newspaper of 21 November, 2025

**■ कूनो नेशनल पार्क में भारत में जन्मी मादा चीता 'मुखी' ने 5 शावकों को जन्म दिया; देश में चीतों की संख्या बढ़कर 32 हुई–**

20 नवम्बर, 2025 को मध्यप्रदेश स्थित श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में भारत में जन्मीं मादा चीता 'मुखी' ने 5 शावकों को जन्म दिया है। इसके 5 शावक चीता परियोजना में चीतों की तीसरी पीढ़ी कहे जा सकते है। अब कूनो नेशनल पार्क में 21 शावकों सहित 29 चीते हो गए हैं, जबकि 3 चीते मंदसौर जिले के गांधीसागर अभयारण्य में है। अत: चीतों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। उल्लेखनीय है कि 1952 में चीते भारत से विलुप्त हो गए थे। सितम्बर, 2022 से अब तक नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 से ज्यादा चीते लाए गए हैं।

'मुखी' चीता (33 माह) का जन्म नामीबियाई चीता से 29 मार्च, 2023 को हुआ था।

**■ कोटा की अरुंधति वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियन बनी; उजबेकिस्तान की जोकिरोवा को 5-0 से हराया–**

20 नवम्बर, 2025 को ग्रेटर नोएडा में खेले गए 70 किलो कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में अरुंधति ने उजबेकिस्तान की बॉक्सर जोकिरोवा अजीजा को 5-0 से हराया। यूथ वर्ल्ड

चैंपियनशिप में विश्व विजेता रह चुकीं अरुंधति अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को 7 स्वर्ण पदक दिला चुकी हैं। इस सफलता से भारतीय सेना में हवलदार अरुंधति अब एशियन गेम्स और ओलिंपिक गेम्स में भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। भारतीय महिला बॉक्सरों ने 7 व पुरुषों ने 2 गोल्ड मेडल जीते। इस चैम्पियनशिप में भारत ने 20 मेडल जीते।

■ **नीतिश कुमार ने 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लीं; सम्राट सिन्हा व विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया–**

20 नवम्बर, 2025 को जदयू नेता नीतिश कुमार ने 26 मंत्रियों के साथ रिकॉर्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिमण्डल में 3 महिला भी शामिल की गई है। भाजपा के सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। नीतिश के साथ भाजपा के 14, जदयू के 8, चिराग पासवान की एलजेपी के दो व जीतनराम मांझी की 'हम' के साथ उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी 'रालोमो' से एक-एक मंत्री ने शपथ ली। जदयू ने जमा खान के रूप में मुस्लिम चेहरे को सरकार में एंट्री दी है। मांझी के बेटे संतोष सुमन व कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश बिना चुनाव लड़े मंत्री बने।

■ **अमेरिका ने भारत के लिए दो रक्षा सौदों के प्रस्ताव को मंजूरी दी; भारत को अमेरिका टैंक किलर जैवलीन मिसाइल देगा–**

हाल ही में अमरीका ने भारत के लिए रक्षा सौदों के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इनकी कीमत लगभग 823 करोड़ है। इस समझौते के तहत अमरीका भारत को ताकतवर जैवलीन एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम और एक्सकैलिबर प्रिसिजन आर्टिलरी प्रोजेक्टाइल देगा। पिछले माह ही दोनों देशों ने 10 वर्षों के लिए रक्षा सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे।

जैवलिन मिसाइल को 'फायर-एंड-फॉरगेट' कहते है यानी यह एक बार छोड़े जाने के बाद खुद-ब-खुद टारगेट खोज लेती है। इसका टॉप-अटैक मोड सबसे खतरनाक है, जो टैंक की ऊपरी सतह पर हमला करता है।

उल्लेखनीय है कि रूस ने भारत को पांचवी पीढ़ी के एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर विमान की तकनीक देने की पेशकश की है। यह पेशकश भारत की भविष्य की लड़ाकू विमान की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए की गई है। एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी का मल्टी रोल स्टेल्थ फाइटर है इसे हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों तरह के मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है। हाइपरसोनिक मिसाइल जैसे घातक हथियार इससे लॉन्च किए जा सकते हैं।

## Newspaper of 22 November, 2025

■ **मिस यूनिवर्स 2025 का ताज मैक्सिकों की फातिमा बॉश ने जीता–**

21 नवम्बर, 2025 को मिस यूनिवर्स 2025 का ताज मैक्सिको की फातिमा बॉश ने जीता। उन्हें मिस यूनिवर्स 2024 विक्टोरिया थेलविग ने थाइलैंड के नॉर्थबुरी में हुए ग्रांड फिनाले में ताज पहनाया। भारत की मनिका विश्वकर्मा शीर्ष-30 में ही पहुँच सकी। थाइलैंड की प्रवीण सिंह फर्स्ट रनरअप और वेनेजुएला की स्टेफनी एड्रियाना अवसाली नासेर सेकण्ड रनरअप रहीं।

मिस यूनिवर्स-2025 फातिमा बॉश पिछले 9 वर्षों से कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए काम कर रही है।

फर्स्ट रनरअप प्रवीण सिंह भारतीय मूल की हैं, इनके माता-पिता दोनों भारतीय हैं।

■ **केन्द्र सरकार ने नई श्रम संहिता (लेबर कोड) को लागू किया–**

**नियुक्ति पत्र का प्रावधान-न्यूनतम वेतन की गारंटी-एक साल की नौकरी में ग्रेच्युटी**

**महिलाओं के लिए समान वेतन-ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन-40 की उम्र से अधिक का सालाना मेडिकल चेकअप अनिवार्य**

21 नवम्बर, 2025 को केन्द्र सरकार ने देश में नई श्रम संहिता (लेबर कोड) को लागू कर दिया। निजी एवं असंगठित क्षेत्र के करोड़ों कामगारों के लिए उपयोगी इस नए लेबर कोड में अनिवार्य नियुक्ति पत्र, न्यूनतम और समय पर वेतन की गारंटी और एक साल में ही ग्रेच्युटी भुगतान की व्यवस्था की गई, वहीं सामाजिक सुरक्षा का ध्यान रखते हुए ईएसआइसी सुविधा और 40 साल की उम्र के बाद अनिवार्य स्वास्थ्य जाँच जैसी सुविधाओं का प्रावधान किया गया है।

नए लेबर कोड में महिलाओं के लिए खास सुविधाएँ जोड़ी गई। वहीं खतरनाक व जोखिम वाले उद्योगों, गिग वर्कर्स और आइटी क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लिए भी विशेष उपाय किए गए है। सरकार का दावा है कि लेबर कोड में श्रम कानूनों को वैश्विक मानदंडों के समान लाने के प्रयास किए है। नए लेबर कोड से करीब 40 करोड़ लोगों को फायदा होने का अनुमान है। सरकार ने 29 मौजूदा श्रम कानूनों का चार श्रम संहिताओं में संहिताकरण किया गया है।

**ये सुधार, कामगारों को होगा लाभ–**

- निश्चित अवधि के कर्मचारियों (फिक्स टर्म एंप्लॉयीज) सहित सभी श्रमिकों के लिए समय पर और न्यूनतम वेतन की गारंटी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- नियुक्ति पत्र अनिवार्य, जिसमें पद वेतन, सुविधाओं का जिक्र।
- पाँच वर्ष के बजाय अब एक वर्ष के बाद ही सामान्य कामगार एवं एफटीई के लिए गेच्युटी।
- महिलाओं के लिए समान वेतन।
- सामाजिक सुरक्षा की गारंटी।
- 40 साल की उम्र से ज्यादा पर सालाना मेडिकल चेकअप।
- ओवरटाइम के लिए दोगुना वेतन, अवकाश, कार्यस्थल पर सुरक्षा
- उत्पीड़न, भेदभाव व वेतन संबंधी विवादों का समय पर समाधान।
- खतरनाक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए 100% स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी।
- 500 से ज्यादा कर्मचारियों वाले संस्थान में जवाबदेही के लिए सुरक्षा समिति अनिवार्य।

**महिलाओं को खास सुविधाएँ–**

- लिंग भेद निषेध, समान कार्य के लिए समान वेतन।
- महिलाओं को सहमति व जरूरी सुरक्षा उपायों के साथ रात्रि पाली में तथा सभी प्रकार के काम की अनुमति।
- शिकायत निवारण समितियों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व जरूरी।
- महिला कर्मचारी के परिवार की परिभाषा में सास-ससुर शामिल।
- 3500 रुपए का मेडिकल बोनस।

**इन वर्गों के लिए विशेष इंतजाम–**

1. **गिग वर्कर्स**–गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों सहित सभी श्रमिकों को पीएफ, ईएसआइसी, बीमा और अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ।
2. **खनन श्रमिक**–आवागमन दुर्घटनाओं पर मुआवजा, खान में सुरक्षा व स्वास्थ्य मानकों खान में सुरक्षा व स्वास्थ्य मानकों का ध्यान, निशुल्क स्वास्थ्य जाँच। काम के घंटे की सीमा प्रतिदिन 8 से 12 घंटे, प्रति सप्ताह 48 घंटे।
3. **टैक्सटाइल श्रमिक**–ठेकेदार कर्मियों को समान वेतन, कल्याणकारी लाभ, बकाया निपटान के लिए तीन साल की अवधि, ओवरटाइम पर दोगुना भुगतान।

### ■ दुबई एयर शो के दौरान भारत का तेजस मार्क-1 लड़ाकू विमान क्रैश हुआ–

21 नवम्बर, 2025 को दुबई एयर शो के दौरान भारत का तेजस मार्क-1 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। हादसे में विंग कमांडर नमांश स्याल की जान चली गई। नमांश हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के रहने वाले थे। तेजस शो के दौरान भारतीय समयानुसार दोपहर 2.10 बजे अल मख्तूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर करतब दिखा रहा था। एरोबैटिक डिस्प्ले के दौरान विमान तेजी से नीचे आया और जमीन से टकराकर क्रैश हो गया। एचएएल द्वारा निर्मित तेजस वायुसेना का हल्का लड़ाकू विमान है। वायुसेना ने 2021 में एचएएल से इसके 83 एमके-1ए वैरिएंट के लिए 48000 करोड़ का करार किया।

इससे पहले मार्च 2024 में जैसलमेर के पास तेजस विमान क्रेश हुआ था। तब पायलट सुरक्षित बच गए थे।

## Newspaper of 25 November, 2025

### ■ भारतीय नौसेना में 'माहे' क्लास का पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलोवाटर क्राफ्ट आइएनएस 'माहे' शामिल हुआ–

24 नवम्बर, 2025 को भारतीय नौसेना में माहे-क्लास का पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आइएनएस 'माहे' औपचारिक रूप से शामिल हो गया। समारोह में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी व पश्चिमी नेवल कमांड के कमांडर-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन मौजूद रहे। जहाज का नाम मालाबार तट के ऐतिहासिक शहर 'माहे' से लिया गया है। तटीय इलाकों के लिए विशेष रूप से तैयार माहे उथले पानी में ऑपरेशन, गश्त, समुद्री रास्तों की सुरक्षा और दुश्मन पनडुब्बियों की तलाश में प्रमुख भूमिका निभाएगा। बिना शोर वाले संचालन के कारण इसे साइलेंट हंटर कहा गया है। यह जहाज 80% से अधिक स्वदेशी तकनीक से बना है।

शिप के प्रतीक चिह्न में कलरियपट्टू की लचीली तलवार उरुमि चपलता व सटीकता की प्रतीक है। शुभंकर चीता है जो गति और एकाग्रता का प्रतीक है।

इस शिप को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने डिजाइन किया है और बनाया है। नेवी को माहे क्लास के 8 एंटी सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट मिलेंगे। यह पहला है। 78 मीटर लंबा और करीब 1100 टन वजन युद्धपोत एक बार में 14 दिन तक समुद्र में रह सकता है। इसकी अधिकतम गति 25 नॉट्स और ऑपरेशनल रेंज 1800 नॉटिकल माइल है। 3 मीटर से कम ड्राफ्ट होने के कारण यह उथले समुद्री इलाकों में भी सहजता से काम करता है।

## Newspaper of 26 November, 2025

### ■ श्री राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजारोहण उत्सव का आयोजन हुआ–

25 नवम्बर, 2025 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजारोहण उत्सव आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला की पूजा अर्चना के बाद, मंदिर के 161 फीट ऊँचे शिखर पर 22 फीट का पवित्र भगवा ध्वज अभिजीत मुहूर्त में फहराया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**Newspaper of 27 November, 2025**

- **केन्द्रीय कैबिनेट ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए; मल्टी ट्रेकिंग व पुणे मेट्रो परियोजनाओं को भी मंजूरी दी; भारत सरकार ने रेयर अर्थ मैग्नेट्स के लिए ₹ 7280 करोड़ की योजना को मंजूरी दी–**

26 नवम्बर, 2025 को रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र ने 7280 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी। इस कदम से भारत की चीन पर निर्भरता कम होगी। रेयर अर्थ मैग्नेट्स इलेक्ट्रिक वाहनों, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे कई क्षेत्रों के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इसका उद्देश्य सालाना 6000 टन क्षमता निर्मित करना है। योजना के तहत रेयर अर्थ ऑक्साइड्स को धातुओं में, धातुओं को मिश्र धातुओं में और मिश्र धातुओं को तैयार मैग्नेट्स में बदलने की पाँच इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। भारत में अभी प्रति वर्ष लगभग 4000-5000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष रेयर अर्थ मैग्नेट्स की आवश्यकता है।

उल्लेखनीय है कि रक्षा, ईवी, इलेक्ट्रिकल उत्पादन की रीढ़ माने जाने वाली रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के उत्पादन में देश को 3 साल में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। यह आर्थिक से ज्यादा सामरिक दृष्टि से बड़ी उपलब्धि होगी। कैबिनेट ने 5 उत्पादक इकाई स्थापित करने की मंजूरी दी है। पाँचों इकाइयां लगाने से लेकर उत्पादन शुरू होने तक के सारे कामों की निगरानी सीधे पीएमओ करेगा।

**रेलवे के दो नए प्रोजेक्ट को भी मंजूरी मिली–**कैबिनेट ने गुजरात में द्वारका–कानालुस रेल लाइन के दोहरीकरण और मुंबई महानगरीय क्षेत्र में बदलगांव–करजात के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। इनकी लागत 2781 करोड़ रुपए है। इनसे रेलवे का नेटवर्क करीब 224 किलोमीटर तक बढ़ जाएगा। 9858 करोड़ रुपए की लागत से पुणे मेट्रो रेल नेटवर्क के विस्तार को मंजूरी दी। फेज-2 के तहत लाइन 4 और 4ए का निर्माण होगा।

- **नई सैटेलाइट रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली सबसे प्रदूषित शहर व उत्तरी पूर्वी क्षेत्र के असम व त्रिपुरा हॉटस्पॉट–**

नई सैटेलाइट रिपोर्ट के अनुसार देश के 60 प्रतिशत जिलों में सालाना पीएम 2.5 का स्तर भारतीय मानकों से ज्यादा है। कुल 749 जिलों में से 447 में प्रदूषण तय समय सीमा से अधिक है। सबसे प्रदूषित 50 जिलों में लगभग आधे दिल्ली–असम के हैं। दिल्ली देश में सबसे ज्यादा प्रदूषित है। यहाँ सालाना पीएम 2.5 का स्तर 101 एमजीसीएम रहा है। यह डब्ल्यूएचओ के मानकों से 20 गुना ज्यादा है। वहीं उत्तर–पूर्वी भारत में असम और त्रिपुरा उभरते हुए प्रदूषण के हॉट स्पॉट है।

- **भीम ऐप ने यूपीआई सर्कल का फुल डेलिगेशन फीचर लॉन्च किया; प्राथमिक यूजर अपने रिश्तेदार या स्टाफ को ₹ 15000 महिने तक के यूपीआई भुगतान की अनुमति दे सकेगा–**

हाल ही में भीम एप ने यूपीआई सर्कल का फुल डेलिगेशन फीचर लॉन्च किया है। जिसमें कोई भी प्राथमिक यूजर अपने बच्चे, पत्नी, भाई, माता–पिता या स्टाफ को 15 हजार रुपए महीने तक के यूपीआई भुगतान की अनुमति दे सकता है। इससे घर–परिवार या छोटे बिजनेस में रोजमर्रा के डिजिटल खर्चों का प्रबंधन आसान हो जाएगा। प्राथमिक यूजर यह तय करेगा कि कौन व्यक्ति उसके अकाउंट से पेमेंट कर सकता है, कितने महीने–साल तक छूट रहेगी और लिमिट कितनी होगी। हर ट्रांजैक्शन की रियल–टाइम जानकारी मिलती रहेगी, जिससे पूरा नियंत्रण बना रहेगा। प्राथमिक यूजर यानी जिसका बैंक अकाउंट है, वह अधिकतम 5 साल की अवधि के लिए अपने किसी भरोसेमंद को यह अनुमति दे सकता है।

- **भारत 20 साल बाद फिर कॉमनवेल्थ खेलों का मेजबान बना; वर्ष 2030 में अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स होंगे–**

आखिरकार 20 साल के लंबे अंतराल के बाद भारत में खेलों के सबसे बड़े आयोजनों में से एक कॉमनवेल्थ खेलों की वापसी होगी। 26 नवंबर, 2025 को ग्लासगो में हुई कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स की जनरल असेंबली में वर्ष 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की मेजबानी को मंजूरी दे दी है। जनरल असेंबली में 74 देशों में भारत के पक्ष में वोट दिया। 2030 में इन खेलों की मेजबानी मिलना पहले से ही तय था और सिर्फ आधिकारिक मंजूरी मिलनी बाकी थी। भारत दूसरी बार इन खेलों की मेजबानी करेगा। इससे पहले, इन खेलों का आयोजन 2010 दिल्ली में हुआ था।

खास बात यह है कि 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, ये कॉमनवेल्थ खेलों के लिए नई सुनहरी शुरुआत है। 2030 में अहमदाबाद में सौ साल का जश्न होगा। पहली बार इन खेलों का आयोजन 1930 में कनाडा में हुआ था।

- **भारतीय थल सेना में प्रतिवर्ष 1 लाख अग्निवीरों की भर्ती होगी–**

थल सेना में करीब 1.8 लाख सैनिकों की कमी को देखते हुए अग्निवीर भर्ती को बड़े स्तर पर बढ़ाने की तैयारी है। रिपोर्ट के

अनुसार अगले भर्ती चक्र में मौजूदा 45-50 हजार सलाना से बढ़ाकर करीब 1 लाख नए अग्निवीर लेने की योजना है। कोविड के दो साल (2020-21) सेना में भर्ती रुकी रही, जबकि हर साल 60 हजार जवान रिटायर होते रहे। 2022 से 2025 के अंत तक 1.75 लाख अग्निवीर भर्ती हो चुके हैं या होने वाले हैं। रिटायर होते सैनिकों व दिसंबर 2026 के बाद मौजूदा अग्निवीरों के धीरे-धीरे घटने चलते यह कदम उठाया जाएगा।

## Newspaper of 28 November, 2025

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 का वर्चुअल अनावरण किया; एक साथ कई सैटेलाइट ले जा सकता है–**

27 नवम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के पहले निजी ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-I का वर्चुअल अनावरण किया। इसे स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस मौके पर पीएम ने कहा-हमारी जेन-Z दुनिया के लिए प्रेरणा बन रहे है। युवा शक्ति का नवाचार, जोखिम लेने की क्षमता और उद्यमशीलता नई बुलंदी छू रही है।

**विक्रम-I रॉकेट की खासियत क्या है?**

अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में इसका नाम रखा गया। यह छोटे उपग्रहों को स्पेस में ले जाएगा। यह 20 मीटर ऊँचा और 1.7 मीटर व्यास वाला है। यह कार्बन-कॉम्पोजिट सामग्री से बना है। यह 260 से 480 किलो तक भार को ऑर्बिट में ले जाने की है। इसे 24 से 72 घंटे के भीतर असेंबल कर लॉन्च किया जा सकता है।

**इसे कैसे डिजाइन किया गया है?**

पहला चरण, कलाम-1200, एक बड़ा सॉलिड-फ्यूल बूस्टर है जो शुरुआती थ्रस्ट देता है। दूसरा चरण, कलाम-250 बीच उड़ान में रॉकेट को आगे बढ़ाता है। तीसरा चरण, कलाम-100 अंतरिक्ष के वैक्यूम में काम करता है। रॉकेट के चौथे चरण में चार रमन इंजन लगे हैं, जो हाइपरगोलिक ईंधन पर चलते हैं। इसमें 3डी-प्रिंटेड लिक्विड इंजन है।

- **हाल ही में भारतीय सेना ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के बॉर्डर रोड ऑर्गिनाइजेशन (बीआरओ) की 65 आरसीसी ग्रेफ यूनिट ने 14500 फीट ऊँचाई पर 100 फीट लंबा बैली ब्रिज सिर्फ 6 दिन में तैयार कर दिया। यह ब्रिज पार्वती कुंड से निकलने वाले विंचिती नाले पर बनाया गया है। अब आदि कैलाश क्षेत्र में पहुँचना पहले से ज्यादा आसान हो गया है। पहले इस इलाके में पहुँचने में 5 घंटे लगते थे। अब यह सफर सिर्फ 30 मिनट में पूरा होगा।**

- **स्काईरूट के 'इनफिनिटी कैंपस' का उद्घाटन और 'विक्रम-K' का अनावरण हुआ–**

27 नवम्बर, 2025 को प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के दो प्रमुख सुविधाओं का उद्घाटन और अनावरण किया–

1. अत्याधुनिक 'इनफिनिटी कैंपस' का उद्घाटन।
2. स्काईरूट के प्रथम कक्षीय रॉकेट 'विक्रम-K' का अनावरण।

**इनफिनिटी कैंपस की विशेषताएँ–**

- यह लगभग 2,00,000 वर्ग फुट का अत्याधुनिक केन्द्र है।
- यह बहु-प्रक्षेपण वाहनों के डिजाइन, विकास और परीक्षण के लिए प्रति माह एक कक्षीय रॉकेट बनाने में सक्षम है।

## Newspaper of 29 November, 2025

- **वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर अवधि) में 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर (जीडीपी) हासिल की है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की विकास दर 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि मैन्यूफैक्चरिंग, फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेस में तेजी के चलते जीडीपी वृद्धि दर 8% से ऊपर निकली है।**

- **एशिया पावर इंडेक्स-2025 में भारत तीसरे स्थान पर; रूस व जापान को पछाड़ा–**

हाल ही में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट के एशिया पावर इंडेक्स में तीसरा स्थान हासिल किया है। भारत को 'मेजर पावर' का दर्जा मिला है। यह बढ़त भारत की आर्थिक और सैन्य क्षमताओं में लगातार हो रही वृद्धि और खासतौर पर मई में चले ऑपरेशन सिंदूर में दिखी ताकत के आधार पर मिली है। इस इंडेक्स में अमरीका पहले नंबर पर और चीन दूसरे नंबर पर रहा।

2024 में भारत 'मिडिल पावर' श्रेणी में था और उसका स्कोर 38.1 था, जबकि इस साल भारत ने 40 अंकों के साथ बड़ी छलांग लगाई है। भारत ने जापान और रूस को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान कब्जाया है। चीन (73.7) और अमरीका (80.5) पहले और दूसरे स्थान पर काबिज हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की बढ़त उसकी मजबूत होती आर्थिक स्थिति और सैन्य शक्ति पर आधारित है। निवेश के मामले में भारत चीन को पछाड़ते हुए अमरीका के बाद दूसरा सबसे आकर्षक गंतव्य बन गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**ये 10 देश दुनिया में सबसे ताकतवर**

| सुपरपॉवर (70 पॉइंट्स से ज्यादा) | | |
|---|---|---|
| **रैंक** | **देश** | **स्कोर** |
| 1 | अमरीका | 80.4 |
| 2 | चीन | 73.7 |
| **मेजर पॉवर (40 पॉइंट्स से ज्यादा)** | | |
| **रैंक** | **देश** | **स्कोर** |
| 3 | भारत | 40 |
| **मिडिल पॉवर (10 पॉइंट्स से ज्यादा)** | | |
| **रैंक** | **देश** | **स्कोर** |
| 4 | जापान | 38.8 |
| 5 | रूस | 32.1 |
| 6 | ऑस्ट्रेलिया | 31.8 |
| 7 | द. कोरिया | 31.5 |
| 8 | सिंगापुर | 26.8 |
| 9 | इंडोनेशिया | 22.4 |
| 10 | मलेशिया | 20.5 |

■ **56वाँ अन्तरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में सम्पन्न हुआ–**
20-28 नवम्बर, 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम, पणजी (गोवा) में 56वाँ अन्तरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव सम्पन्न हुआ। इसका फोकस देश जापान, भागीदार देश स्पेन तथा स्पॉटलाइट देश ऑस्ट्रेलिया रहा।
इसका उद्घाटन समारोह एक कार्निवल परेड के रूप में आयोजित किया गया। उद्घाटन फिल्म गैबियल मरकारो द्वारा निर्देशित 'द ब्लू ट्रेल' (डिस्टोपियन ड्रामा) रही तथा समापन फिल्म रत्वापूम बूनबंचचोक द्वारा निर्देशित थाई फिल्म 'ए यूजफुल घोस्ट' रही। अभिनेता और फिल्म निर्माता नंदमुरी बालकृष्ण को भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को आईएफएफआई के पुरस्कार समारोह में दिग्गज अभिनेता रजनीकांत को सिनेमा में उनके 50 उल्लेखनीय वर्षों के लिए सम्मानित किया गया। इस महोत्सव में 81 देशों की 240 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की गई, जिनमें 13 विश्व प्रीमियर, 5 अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर और 44 एशियाई शामिल हैं।

**प्रमुख पुरस्कार और विजेता–**

- ♦ गोल्डन पिकॉक (सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म) : स्किन ऑफ यूथ एशले मेफेयर द्वारा निर्देशित (वियतनाम)
- ♦ सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (रजत मयूर) : संतोष दावखर को उनकी मराठी फिल्म 'गौंधळ' के लिए।
- ♦ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (रजत मयूर) : उबेइमार रियोस (ए पोएट)
- ♦ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (रजत मयूर) : जारा सोफिया ओस्तान (लिटिल ट्रबल गर्ल्स)

**Newspaper of 30 November, 2025**

■ **केन्द्र सरकार अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 120 करोड़ रुपए की लागत से देश का पहला नेशनल कोरल रीफ रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित करेगा, जो कोरल रीफ अनुसंधान की नोडल और मॉनिटरिंग एजेंसी होगा। यह केन्द्र दक्षिण चिड़ियाटापू में बनेगा। यह उन्नत शोध, संरक्षण, प्रबंधन सुविधाओं से युक्त होगा। कोरल रीफ तटीय क्षेत्रों को प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करती है।**

■ **चित्रा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 का महिला युगल खिताब जीता–**
30 नवम्बर, 2025 को भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने लखनऊ के बाबू बनारसी दास इनडोर स्टेडियम में आयोजित सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया। वर्ल्ड रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद इस भारतीय जोड़ी ने फाइनल में जापान की आठवीं वरीयता प्राप्त काहो ओसावा औरमाई तानाबे को 17-21, 21-13, 21-15 से पराजित किया। सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 का पुरुष युगल खिताब कांग खाई जिंग और आरोन ताय की मलेशियाई जोड़ी ने जीता, वही मिश्रित युगल खिताब देजान फर्डिनानसयाह और बरनाडीन अनिन्द्या वरदाना की इंडोनेशियाई जोड़ी ने जीता।

■ **अहमदाबाद : दुनिया के शीर्ष 100 साइकिल-फ्रेंडली शहरों में (2025) शामिल हुआ–**
हाल ही में 'कोपेनहेगनाइज इंडेक्स 2025' EIT अर्बन मोबिलिटी एडिशन द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार अहमदाबाद दुनिया के शीर्ष 100 साइकिल-फ्रेंडली शहरों में शामिल हुआ है। उसे 87वाँ स्थान मिला है। यह इस सूची में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय शहर है।
**इस रिपोर्ट के मूल्यांकन का आधार–**13 संकेतक (जैसे-सुरक्षित साइकिलिंग ट्रैक, नीतिगत समर्थन और शहरी नियोजन) है।
सूचकांक में वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त शहर : यूट्रेक्ट, कोपेनहेगन, घेन्ट, एम्स्टर्डम और पेरिस है।
सूचकांक में स्थान प्राप्त शीर्ष एशियाई शहर : क्योटो, सिंगापुर, ताइपे और ओसाका है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## ■ स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार मिशन के तहत भारत ने बनाए तीन गिनीज विश्व रिकॉर्ड–

हाल ही में भारत के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत महिलाओं और निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स कायम किए हैं।

**रिकॉर्ड–**

- एक माह में स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म पर सबसे अधिक लोगों का पंजीकरण का रिकॉर्ड : 3, 21, 49, 711 (3.21 करोड़ से अधिक)
- एक सप्ताह में ऑनलाइन स्तन कैंसर स्क्रीनिंग के लिए सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण का रिकॉर्ड : 9,94,349 (9.94 लाख से अधिक)
- एक सप्ताह में राज्य-स्तर पर ऑनलाइन महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतों (वाइटल साइन) की स्क्रीनिंग के लिए सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण का रिकॉर्ड : 1,25,406 (1.25 लाख से अधिक)

## ■ एडेलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथ्रोपी लिस्ट 2025 जारी–

नवंबर, 2025 में एडेलगिव हुरुन इंडिया परोपकार सूची 2025 (12वाँ संस्करण) जारी हुई। इसे एडेलगिव फाउंडेशन और हुरुन इंडिया ने जारी किया। इसमें शीर्ष स्थान शिव नादर और उनका परिवार (HCL Tech) को मिला।

दूसरा स्थान मुकेश अंबानी एवं परिवार (रिलायंस इंडस्ट्रीज) को मिला।

तीसरा स्थान बजाज परिवार को मिला।

चौथा स्थान कुमार मंगलम बिड़ला एवं परिवार को मिला।

पाँचवाँ स्थान गौतम अडानी एवं परिवार को मिला।

## ■ 'डॉ. भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार' (2025) से सम्मानित किया गया–

हाल ही में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुवाहाटी में आयोजित एक भव्य समारोह में पूर्वोत्तर भारत की 6 प्रतिष्ठित हस्तियों को 'भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया। यह आयोजन महान संगीतकार डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 'सरहद' (पुणे स्थित एक सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था) द्वारा आयोजित किया गया था। इस वर्ष पूर्वोत्तर के 6 दिग्गजों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कला, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पहचान बनाई है–

| विजेता | राज्य | क्षेत्र/योगदान |
|---|---|---|
| येशे दोर्जी थोंगची | अरुणाचल प्रदेश | प्रख्यात लेखक और साहित्यकार (साहित्य अकादमी विजेता) |
| लैशलम मेमा देवी | मणिपुर | प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका |
| रजनी वसुमतारी | असम | फिल्म निर्माता और अभिनेत्री |
| एल. आर. सैलो | मिजोरम | वरिष्ठ पत्रकार और जनसंपर्क विशेषज्ञ |
| डॉ. सूर्यकांत हजारिका | असम | लेखक और सांस्कृतिक शोधकर्त्ता |
| प्रो. डेविड आर. सिएमलीह | मेघालय | इतिहासकार और पूर्व UPSC अध्यक्ष |

□□□

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार श्रेष्ठ पुस्तकें

### ( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our App

**संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram



प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com